# दहेज की बली पर चढ़ी एक और बेटी

## पति, सास, ससुर पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के पिपराटांड़ गांव की मनीष पांडेय की पत्नी श्रुति पांडेय की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस संबंध में श्रुति के परिवार वालों ने दामाद मनीष पाण्डेय, ससुर रामराज पाण्डेय व सास ललिता देवी पर दहेज उत्पीड़न के तहत मामला दर्ज कराया है। श्रुति का मायका औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना के रजवरिया गांव में है। चार वर्ष पहले उसकी शादी पांकी के मनीष पांडेय से हुई थी। घटना के संबंध में उसके भाई पिंटू पांडेय ने बताया की श्रुति के साथ शादी के बाद से ही लगातार दहेज को लेकर उनकी बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था। शुक्रवार को भी इसी मामले को लेकर कहा सुनी हुई थी। अचानक रात के 1:30 बजे श्रुति के पिता कृष्णा पांडेय को फोन से जानकारी मिली कि श्रुति की तबीयत खराब है। उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे लोग अस्पताल पहुंचे तो श्रुति को मृत पाया। उसके ससुराल वाले गायब थे। श्रुति का भाई, पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जहर देकर मार डाला। हालांकि मौत किस वजह से हुई इसका अब तक पता नहीं चल पाया है। पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना के संबंध में जानकारी मिली है, परंतु परिजनों ने मेदिनीनगर शहर थाने में फर्द बयान दर्ज करायी है। फर्द बयान की जानकारी मिलने के बाद स्थिति का जायजा लेते हुए दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आज

**मेदिनीनगर।** भाजपा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय टॉउन हॉल में अभिनंदन विजय सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में में लोकसभा चुनाव में डालटनगंज भंडरिया विधानसभा के बूथों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने दी।

डीईओ ने चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, छात्राओं ने कहा-

# संस्कृत और हिन्दी के नहीं हैं टीचर, पढ़ाई प्रभावित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा पदाधिकारी अधिकारी दुर्गानंद झा द्वारा शुक्रवार को चैनपुर कस्तूरबा गांधी अवासीय विद्यालय में निरीक्षण के क्रम में मेन्यू के तहत भोजन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने डीईओ से पूरी बात खुलकर बतायी। छात्राओं ने कहा कि विद्यालय में संस्कृत और हिन्दी के टीचर नहीं हैं। ऐसे में हमलोग क्या करें? इस पर डीईओ ने कहा कि हर रविवार को वे हिन्दी व संस्कृत की कक्षा स्वयं लेंगे। इस पर छात्राएं संतुष्ट नजर आयीं। डीईओ ने छात्राओं की शिकायत पर वार्डेन सुमित कुमारी स मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिए जाने के बारे में पूछा। इस पर पता चला की आपूर्तिकर्ता को जनवरी माह से ही भुगतान नहीं किया गया है। इस वजह से आपूर्तिकर्ता विद्यायल में खाद्य सामाग्री की आपूर्ति नहीं कर रहा है।

### शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश

डीईओ ने वार्डन को शिक्षिका के अवकाश पर रहने पर उनके स्थान पर दूसरे शिक्षक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान नहीं हो। डीईओ ने बताया कि वह जिले में मैट्रिक व 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत हैं।

## एक नजर

### दुर्घटना में महिला घायल



**मेदिनीनगर।** लोटवा गांव की स्व. तेतर राम की 39 वर्षीय पत्नी बोलेरो के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पहले लेस्लीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार वह अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से लेस्लीगंज जा रही थी। घर से थोड़ी दूर गांव के ही किसी कार्यक्रम में आए रिश्तेदार की बोलेरो से बाइक की टक्कर हो गई। इससे वह बाइक से पीछे की ओर गिर पड़ी।

शराब के नशे में आपसी विवाद, एक की मौत, भाई घायल

# मामूली विवाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

- सभी अरोपी फरार, पुलिस मामले की कर रही जांच
- पति, पत्नी व दो बेटा पर प्राथमिकी दर्ज

डाक्टरों ने विकास की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टॉउन में शराब पीने के बाद आपसी विवाद में हुई छुरेबाजी में विकास भुइयां, उसका भाई भोला भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की घटना स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद टीओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचने पर दोनों को रेलवे लाइन के पास घायल अवस्था में देखा। इसके बाद दोनों को एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने विकास की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। लातेहार में उसकी स्थिति खराब होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। लातेहार पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान लिया है। हत्या का आरोप विकास भुइयां के पड़ोसी बिहारी भुइंया, उसकी पत्नी आशा देवी बेटा मनीष व पवन पर लगा है। चारों पर नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विकास भुइयां व बिहारी भुइयां के परिवार के बीच किसी बात को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। गुरुवार को दोनों परिवार शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर विवाद होने पर बिहारी भुइयां, उसके परिवार के सदस्यों ने विकास व उसके भाई भोला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### पुलिस मामले की जांच कर रही : टीओपी प्रभारी

टीओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों परिवार शराब के नशे में थे। दोनों परिवार के बीच पहले से ही विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में झोला छाप पशु चिकित्सकों के भरोसे पशुपालक

# स्वीकृत 32 पशु चिकित्सकों के विरूद्ध 11 कार्यरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सरकारी पशु अस्पताल समस्याओं से जूझ रहा है। सरकारी स्तर पर पशुपालन को बढ़ावा देने व पशुपालकों की सुविधा को ध्यान में रख कर पशु अस्पतालों को साधन संपन्न कराने का दावा पलामू में फेल है। पशु अस्पतालों में 24 घंटा पशु चिकित्सक नहीं है। एक तरफ गांव के अधिकतर लोगों के लिए खेती व पशुपालन जीविकोपार्जन का जरिया हैं। भूमिहीन लोगों के पास पशुपालन ही एक मात्र व्यवसाय है। इस दुर्दशा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों का कहना है कि नाम मात्र का सरकारी पशु अस्पताल है। ग्रामीण क्षेत्र का पशु अस्पताल सुविधाविहीन है। अगर पशु बीमार पड़ जाए तो खुद से इसका इलाज करते हैं, या इलाज के लिए झोलाछाप चिकित्स से संपर्क करते हैं। झोला छाप चिकित्सक इलाज भी नहीं करते व मनमाना रकम भी वसूल लेते हैं।

### क्या कहते हैं जिला पशुपालन पदाधिकारी

जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने जिले में पशु चिकित्सकों की कमी बात स्वीकार की। कहा कि पलामू जिले में पशु चिकित्सक की कमी है। जिले में पशु चिकित्सकों के सृजित 32 पदों के विरुद्ध 11 पशु चिकित्सक ही कार्यरत हैं। प्रत्येक पशु चिकित्सक दो से तीन प्रखंड के प्रभार में है। पशु चिकित्सकों की कमी को लेकर सरकार के पशुपाल विभाग के पत्राचार के माध्यम से अवगत करा दिया गया है।

# मृतक के परिजनों से मिलकर जताया दुःख, हर संभव मदद का भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** वरीय समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह आज विश्रामपुर नप मुख्यालय के बहेलिया टोला स्थित जितेंद्र बहेलिया के घर गए और उनकी माता के निधन पर दुख व्यक्त किया। यहां बताते चलें कि पिछले दिनों जितेंद्र बहेलिया की मां का निधन हो गया था। सिंह ने शोकाकुल परिवार जनों को ढांढस बंधाया। परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी, प्रवीण सिंह, राहुल दुबे, उस्मान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# एमकेडीएवी के छात्र सौरभ ने ऑल इंडिया में 48वां रैंक हासिल किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थिति एमकेडीएवी के छात्र लगातार सफलता के नए आयाम गढ़ते जा रहे हैं। इस विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इसी क्रम में सत्र 2017-18 के दो छात्र राजेश कुमार दारूका के पुत्र सौरभ दारूका, सुनील कुमार अग्रवाल के पुत्र सचिन अग्रवाल ने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। सौरभ दारूका का ऑल इंडिया रैंक 48 वां रहा। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन आई डॉ. जीएन खान ने दोनों सफल छात्रों को प्रार्थना सभा में स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया व उनके इस शानदार सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सह क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन आई डॉ. जीएन खान ने कहा कि दोनों सफल छात्रों ने माता-पिता के साथ विद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। यह विद्यालय के लिए हर्ष व गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत व पढ़ाई के प्रति संपूर्ण समर्पण द्वारा ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। बच्चे आत्मविश्वास जगाएं व चुनौतियों का सामना करें। छात्रों की सफलता पर शिक्षकों को खुद की सफलता की अनुभूति होती है। दोनों सफल छात्रों ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि वे भी इसी विद्यालय में पढ़-लिख कर व खेल-कूद कर आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 पर कार्यशाला

# बच्चों को सिखायें अनुशासन व स्वच्छता का महत्व : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में शनिवार को स्कूल रूआर 2024 का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त शशिरंजन, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कार्य ऐसा हो कि वह आंकड़ों व कागजों से बाहर निकलकर जमीन पर दिखाई दे। शिक्षा बच्चों का मौलिक व अनिवार्य अधिकार है। यह उसे हर हाल में मिलना चाहिए। यह तभी संभव होगा जब हर भागीदार अपना योगदान ईमानदारी से दें। उन्होंने बच्चों को अनुशासन व स्वच्छता के गुर सिखाने पर बल दिया। कहा कि यही बात उन्हें जीवन में सफल बनायेगा। विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा शिक्षा के लिए प्रत्येक स्तर पर जागरूकता की आवश्यकता है। इसमें जन प्रतिनिधि होने की भूमिका व बखूबी निभाने को तैयार हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि पांच से 18 वर्ष तक के बच्चों की माध्यमिक शिक्षा पूरी कराना उनकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान जिला में छीजित व अनामांकित 1169 बच्चों को विद्यालय से जोड़ना व सभी को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता रहेगी। कार्यशाला को सफल बनाने में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, एडीपीओ उदय सिंह, एपीओ जौन मुथु, विकास दुबे, शादाब हुसैन, रोहित कुमार, सुनील कुमार, श्याम किशोर सिंह, बआमोद सिन्हा, रामसरेख पांडेय, वीरेंद्र तिवारी, अनिल ठाकुर, मुकेश सिन्हा, विजय शुक्ला, जावेद अख्तर व विनोद तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभायी। कार्यशाला में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरसी व अभियानकर्मियों ने भाग लिया। यह अभियान राज्य से विद्यालय स्तर तक 21 दिनों तक चलाया जायेगा।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 37 हजार 178 मामले का निस्तारण




**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को हुई। लोक अदालत का उदघाटन पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने उपस्थिति में लाभुको से द्वीप जला कर कराया। इसमें सुलह समझौता के आधार पर 37 हजार 178 मामले का निस्तारण किया गया। 45 करोड़ दो लाख 21 हजार 15 रुपये का मामला सेटल हुआ। विक्टिम कंपनसेशन के तहत पीड़ित व उनके परिवार के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया। लोक अदालत के उद्घाटन के मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, डीजे विनोद कुमार सिंह,अखिलेश कुमार, राजकुमार मिश्रा, आयशा खान, स्वेता ढिंगरा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए 13 पीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में 37 हजार 178 मामले का निस्तारण किया गया। लोक अदालत जीआरके 734 मामले, उत्पाद विभाग के 14, एनआई एक्ट के 49, विद्युत विभाग के 206, वन विभाग के दो, एमएसीटी के 206, सिविल के 57, रेलवे के 621, बैंक रिकवरी के 195, 100 अन्य मामले का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण किया गया। इसमे पति पत्नी के बीच चल रहे केस में समझौता हो गया। दोनों लोग साथ रहने पर सहमत हो गए। दोनों के बीच चल रहे कई केस में समझौता हो गया। मौके पर डीजे शंकर महाराज सीजेएम आनन्द सिंह, संदीप निशित बारा, एसडीजेएम कमल प्रकाश, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, शिखा अग्रवाल, रीतू कुजूर, रेलवे जीएम प्रज्ञेश निगम, जीएम समीरा खान, रोजलिना बारा, अमित आकाश सिन्हा, रश्मि चन्देल के अलावा अधिवक्ता, वादकारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### चौकीदार बहाली में एससी आरक्षण नहीं तो होगा आंदोलन : शेर अली

**हुसैनाबाद।** चौकीदार बहाली में झारखंड सरकार अनूसूचित जाति के साथ अन्याय कर रही है। इससे साफ जाहिर होता है की सरकार दलितों के हक और अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। उक्त बातें बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होनें कहा पलामू जिला में चौकीदार बहाली की निकली विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिये एक भी सीट आरक्षित नही है, जबकि शूरू से ही चौकीदार के पद पर एससी जाति के लोगों को रखा जाता रहा है। उनके सेवानिवृत होने पर उस पद पर उनके बाल बच्चों को नियुक्ति की जाती रही है, लेकिन झारखंड सरकार खुद को दलितों की हितैषी बता कर उन्हीं लोगों के हक और अधिकारों का गला घोंटने का काम किया है। उन्होंने चौकीदार बहाली वाली विज्ञापन को निरस्त कर अनूसूचित जाति को भी शामिल कर नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित करने की मांग की है। अगर सरकार आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया तो बसपा पूरे जिला में सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने के लिये सड़क पर उतर जाएगी।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**नावाबाजार।** अवैध बालू उत्खनन व परिवहन के खिलाफ नावाबाजार पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। शुक्रवार की शाम नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा दमारो गांव से बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जो महिंद्रा कंपनी की है। बिना नंबर की गाड़ी से अवैध बालू खनन व परिवहन का कार्य किया जा रहा था। बताया जाता है कि अवैध बालू लदे ट्रैक्टर दमारो गांव के चंद्रशेखर मेहता का है। जिसे अग्रिम कर्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर के पास भेज दी गई है। जबकि कोलकाता नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस्टर्न जोन बेंदी के द्वारा पारित आदेश व नई दिल्ली पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आलोक में सतत बालू खनन प्रबंधन दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए सभी प्रकार के नदी बालू घाटों से बालू उठाव पर पुर्णतः रोक लगा दी गई है। बावजूद चोरी छिपे खनन व परिवहन का कार्य किया जा रहा है।

प्रवचन

सिंगरा में चातुर्मास व्रत में कथा, भक्ति में डूबा शहर

# मनुष्य को जन्म लेने का कारण जानना चाहिए :जीयर स्वामी

- मनुष्य जन्म के बाद अपने स्वार्थ में सत्यकर्म से भटक जाता है
- जब मृत्यु का क्षण आता है तो कुछ लेकर नही जाता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सिंगरा में श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को भी जन्म लेने का कारण जानना चाहिए। अपने स्वरूप को हमें जानना चाहिये। मनुष्य जन्म के बाद अपने स्वार्थ में सत्यकर्म से भटक जाता है। धन, दौलत, गाड़ी, बंगला के अनेकों गलत कार्य करते जाता है, लेकिन जब मृत्यु का क्षण आता है तो कुछ लेकर नही जाता। धन भूमि पर, पत्नी घर के द्वारा तक, सगे-संबंधी श्मशान में, और शरीर चिता पर रह जाता है। केवल कर्म ही है जो परलोक के मार्ग पर साथ-साथ जाता है। हमारे साथ कुछ जाता नहीं है। श्रीमद्भागवत कथा प्रसंग वर्णन में कहा कि व्यास जी के लाडले शिष्य श्रीसूतजी ने कहा कि भागवत में भगवान के साथ ही साथ उनके भक्तों का भी वर्णन है। भगवान श्रीहरि विष्णु जी के सत्यकाम, सत्संकल्प द्वारा नाभि से कमल व कमल से ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा की उत्पत्ति के बाद ब्रह्मा जी ने उनके जन्म का कारण जानना चाहा। उसके बाद ब्रह्मा जी ने सृष्टि का विस्तार के लिये अपने मन द्वारा सनक, सनातन, सनन्दन व सनत्कुमार को प्रकट किया। चारो सनकादि ऋषियों ने भगवान की भक्ति करने को अपना मार्ग चुना व भगवान की भक्ति के लिये चल पड़े। भगवान श्रीमन्नारायण का आशीर्वाद से चारो आजीवन बालक रहने का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया। कहा कि आज भी पांच-छः वर्ष के बालक के समान ही हैं सनक, सनन्दन सनातन सनत्कुमार। इसीलिए उन्हें पूर्वजों का पूर्वज व बुजुर्गो का बुजुर्ग कहा जाता है।

### अंतिम यात्रा जरूर करना चाहिए

मानव जीवन में तीर्थ यात्रा के साथ ही साथ अन्तिम यात्रा (शवयात्रा) भी करनी चाहिए। साथ में श्मशान तक जरूर जाना चाहिये। यही अंतिम यात्रा सत्य है। सारे यात्रा रुक सकता हैं, लेकिन अन्तिम यात्रा को रोका नहीं जा सकता है। यह यात्रा सच्ची यात्रा है, जिसे टालने व जन्म देने का अधिकार मनुष्य के पास नही है तो इसे संचालित कौन कर रहा है। मतलब की कोई न कोई शक्ति है जो संचालित कर रहा है। जिसे आज तक विज्ञान भी नही जान सका वही शक्ति नारायण, भगवान, परमात्मा हैं जो सृष्टि का संचालन कर रहे। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी निश्चित है और जिसकी मृत्यु हो गई है उसका जन्म भी निश्चित है। भगवान श्रीकृष्ण के इस कथन से हमें ज्ञात होता है कि जीवन और मृत्यु एक चक्र है। प्रभु कथा में वो सामर्थ्य है जो हमारे जीवन को भवसागर से भाव सागर में प्रवेश कराने का सामर्थ्य रखता है। भवसागर का मतलब सांसारिक जीवन का सागर, भावनाओं का समुद्र। जन्म-मरण चक्र से मुक्ति अर्थात मोक्ष की प्राप्ति को ही भवसागर से पार उतरना कहा गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'**, 502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### मुखिया के नेतृत्व में बाजार परिसर की साफ सफाई

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू कुमार मुंडा के नेतृत्व में लोहरसी बाजार टांड़ परिसर का श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। श्री मुंडा ने ग्रामीणों से कहा कि बरसात के मौसम में अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छता ही बीमारियों से बचने का एकमात्र उपाय है। सभी ग्रामीण श्रमदान कर पूरे गांव को स्वच्छ बनाये। श्रमदान कार्य में भाग लेने वालों को मुखिया ने धन्यवाद दिया। श्रमदान में ग्राम प्रधान प्रमेश्वर मुंडा, भुनेश्वर साव, मो आजाद , बहुरन सिंह,प्रवेज आलम,मुबारक अंसारी सुखारी मुंडा, प्रकाश भुइया, गणेश महतो समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### पैक्स सदस्यता अभियान पर कार्यशाला आयोजित

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वाधान में शनिवार को पैक्स सदस्यता वृद्धि अभियान पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां हजारीबाग प्रमंडल देवेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि को ऑपरेटिव बैंक डारेक्टर कौशलेंद्र सिंह, चतरा सहायक निबंधक ऐनी होरो, डीसीओ अमिय कुमार सिद्धो, कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के सलाहकार कुमार गौरव समेत प्रखंड क्षेत्र के पैक्स अध्यक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों ने संबंधित पैक्स अध्यक्षों को प्रत्येक घर से सदस्य जोड़ने पर जोर दिया।

### अभिभावक - शिक्षक की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**गारू।** राजकीय अनुसूचित जन जाति आवासीय उच्च विद्यालय, गारु में प्रधानाध्यापक उमेश कुमार पाठक की अध्यक्षता में छात्रों के अभिभावकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कार्यालय सहायक विरेन्द्र उरांव, घंटी शिक्षक, कमल किशोर उराँव , शत्रुघ्न कुमार सिंह, घंटी शिक्षिका प्रियंका कुमारी, झाड़ूदार सुरेश सिंह, रात्रि-प्रहरी अंकित उरांव, अनुसेविका हसिंता देवी के साथ-साथ सतेंद्र सिंह, शनिदेव सिंह, जयनंदन भगत, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र उरांव, सुरेंद्र परहिया , सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह आदि अभिभावक-अभिभाविकाओं की उपस्थिति रही।सभी ने विद्यालय के खान-पान, शैक्षणिक व्यवस्था ,विद्यालय के अनुशासन आदि विद्यालय प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया।सभी ने कहा कि हमलोग समय-समय पर अपने बच्चों से बातचीत कर उनका हाल-चाल लेते रहते हैं। प्रधानाध्यापक ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में बताया कि शिक्षक एवं अभिभावक दोनों के सहयोग से ही छात्रों के स्वर्णिम भविष्य को गढ़ा जा सकता है।छात्रों हमेशा कुसंगति से बचना चाहिए। शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी बच्चों के प्रति सचेष्ट रहना होगा। छात्र सदैव अच्छा करें, यह चाहत हर शिक्षक के अंदर होनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री बहन-बेटी मईं-कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में पेंशन योजना का महत्वपूर्ण योगदान : उपायुक्त

**नवीन मेल संवचाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बहन-बेटी, मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन तथा इसके तहत आच्छादन हेतु लाभार्थियों के पहचान संबंधी सूचनाओं के संग्रहण, सत्यापन एवं स्वीकृति से संबंधित जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना 21 वर्ष से उपर एवं 50 वर्ष से कम की कमजोर महिलाओं को अर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। इसके लिए जल्द ही योजना का परफोर्मा सरकार द्वारा दिया जाएगा। इससे पूर्व आप सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करेंगे। इस योजना का लाभा लेने के लिए आवेदिका की उम्र 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, साथ ही आवेदिका का आधार खाता से लिंक होना चाहित, मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड से अच्छादित होना चाहिए। किसी भी तरह के सरकारी लाभ लेने वाले जैसे एएनएम, सहिया, सहायिका, पारा शिक्षक स्वयं भी एवं परिवार के लोग इसके योग्य नहीं होंगे। साथ ही वर्तमान में किसी भी तरह के पेंशन नहीं प्राप्त कर रहे हो, आयकर दाता भी इसके योग्य नहीं है। उपायुक्त ने कहा लोगों के प्रति संवेदना रख कर कार्य करें। दिव्यांग महिला को किसी भी तरह कि असुविधा नहीं हो इसका ख्याल रखें। साथ ही सीएससी सेंटर वाले भी ध्यान में रखें कि उनके पेंशन प्राप्त करने में उन्हे असुविधा न हो और किसी तरह की अवैध वसुली/निकासी न हो। कार्यशाला में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कुमारी वेदवंती, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सीएससी संचालक, सभी प्रखण्डों के कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने का निर्देश**




## अज्ञात हाईवा के चपेट में आने से पति-पत्नी समेत पांच लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के नवादा मोड़ के पास सड़क हादसे में माता-पिता सहित तीन बच्चे घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फुल्केश गंझु अपने पत्नी व बच्चों के साथ बाइक में सवार होकर अपने ससुराल चाया गांव से वापस अपने घर हेरहंझ थाना क्षेत्र के बड़गांव आ रहे थे कि इसी दौरान नवादा मोड़ के पास अज्ञात हईवा की चपेट में आ गए जिससे फुलकेस गंझु व उसकी पत्नी बबीता देवी, बेटी आरती कुमारी, सीमा कुमारी, सूर्यकांति कुमारी घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने शादी की प्राथमिक उपचार की इसमें बबीता देवी छोड़ अन्य चार लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया यह सभी एक ही परिवार के लोग हैं। बता दे कि अज्ञात हाईवा कोलवरी से कोयला लोडकर बालूमाथ कुसमाही साइडिंग जा रहा था कि इसी क्रम में यह घटना घटी है।

### तकनीक आधारित सड़क ग्रामीणों के लिए बना जी का जंजाल

# पहली बरसात में तोड़ा दम, जमींदोज हुआ नैनो टेक्नोलॉजी से बना सड़क

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत आरईओ रोड से दिग्ही तक लगभग 1.1 किलोमीटर न्यू नैनो टेक्नोलॉजी से काली करण सड़क निर्माण कार्य वर्ष 2020-21 में की गई। सड़क निर्माण कार्य पीएमजेएसवाई योजना के तहत लगभग 35 लाख रुपये की लागत से आरईओ विभाग चतरा के देखरेख में पूर्ण कराई गई। विभाग द्वारा सड़क क्रियान्वयन का कार्य विजय कुमार सिंह जय प्रकाश नगर इटखोरी से करवाई गई। जिसमें विभागीय निष्क्रियता के कारण संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गई। जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहली बरसात को झेल नहीं सका और काली करण सड़क जमीनदोज हो गया। आज वर्तमान स्थिति ऐसी है कि बारिश होने पर ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, वाहनों पर चलना तो मुंगेरीलाल के हसीन सपना देखने बराबर है। सड़क मरम्मती कराने को लेकर ग्रामीणों द्वारा दर्जनों बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई गई पर अधिकारियों द्वारा केवल झूठा आश्वासन दिया गया। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इसपर चुप्पी साधे हुए हैं।



### बीएलओ को चुनाव पाठशाला का दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को चुनाव पाठशाला का बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को प्रशिक्षक बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि सभी बीएलओ चुनाव पाठशाला के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और मतदाता साक्षरता क्लब किट के माध्यम से अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाने का कार्य करेंगे। मतदाता साक्षरता क्लब किट के माध्यम से ही ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभा कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित भी करेंगे। इस दौरान मृतक मतदाताओं का नाम हटाने, नए का नाम जोड़ने व सुधार करने का कार्य निष्पादित करेंगे। चुनाव पाठशाला का उद्देश्य है कि मतदाताओं को चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक करना ही लक्ष्य है।

# शिक्षाविद प्रो. जयप्रकाश ने थामा बीजेपी का दामन, लोगों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

शनिवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सिसई निवासी प्रोफेसर जयप्रकाश रजक ने चतरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में विधिवत भाजपा का दामन थाम लिया। ज्ञात हो कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री रजक लगभग 22 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र से जुड़कर आदर्श शिक्षक के साथ मास्टर ट्रेनर, संकुल समन्वयक, प्रभारी प्रधानाध्यापक के पश्चात वर्तमान में मारवाड़ी कॉलेज रांची में अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति प्रयासों से क्षेत्र में भी चर्चित रहे हैं। अपने गांव में करीब एक वर्ग किलोमीटर में फैले जंगल को बचाने के लिए लगभग दस हजार पौधारोपण कर रक्षाबंधन कार्यक्रम के माध्यम से संवर्धन हेतु वर्षों से लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। इसके साथ हीं आर्ट ऑफ लिविंग के बतौर प्रशिक्षक लोगों को योग, प्राणायाम और ध्यान के महत्ता बताते रहे हैं। नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के सृजन व प्रसार में उल्लेखनीय भूमिका के कारण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों भी सम्मानित हो चुके हैं। साथ हीं केंद्रीय व राज्य के शिक्षा मंत्री समेत अन्य द्वारा भी पुरस्कृत किया जा चुका है। सदस्यता लेने पर श्री रजक को विधायक किसुन दास, ईश्वर दयाल पांडेय, रमेश राणा, निलेश ज्ञासेन, सुमन भारती, फुलचंद साहु, उदय पांडेय समेत अन्य ने बधाई दी।

### बाइक से गिरी सहायक शिक्षक कि पत्नी, इलाज के दौरान मौत

**चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय काशीकेवाल में कार्यरत सहायक शिक्षक विमल कुमार के पत्नी की मौत इलाज के दौरान रांची के मेदांता हॉस्पिटल में शनिवार सुबह हो गई। इधर खबर सुनते ही पुरे गांव में मातम छा गया। शनिवार शाम को स्थानीय घाट में अन्तिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को बाइक पर सवार होकर हंटरगंज से वापस अपने गांव कशीकेवाल पति-पत्नी जा रहे थे। तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनो घायल हो गए थे और तत्काल इलाज के लिए हंटरगंज सामुदाइक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती किया गया। जहां स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया और रांची के मेदांता हॉस्पिटल में दो दिन के बाद सहायक शिक्षक के पत्नी की मौत हो गई।

**उकामाड़ मे आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन**

# किसान भाई आम बागवानी योजना का जमकर लाभ उठाएं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना में आम की खेती के बढ़ावा देने के लिए शनिवार को उकामाड़ पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना से लाभुक जितेंद्र सिंह के भूमि में मनरेगा अंतर्गत विरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया।

आम उत्सव सह बागवानी मेला का उद्घाटन बीड़ीओ रेशमा रेखा मिंज, मुखिया पूनम देवी, बीपीओ त्रिवेणी राम, ग्राम प्रधान कैलाश सिंह समेत उपस्थित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुई बीडीओ श्रीमती मिंज ने कहा मनरेगा बिरसा हरित ग्राम योजना मद से लगाए जा रहें आम बागवानी किसानों के लिए एक आत्मनिर्भर व जीवकोपार्जन का मुख्य साधन साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत के लाभुक जितेंद्र सिंह ने वित्तीय वर्ष 20-2021 में आम बागवानी योजना लेकर इसकी सही तरीके से देखरेख व नियमित ध्यान देकर कम समय में लंगड़ा आम, अमरपाली आम समेत कई उन्नत किस्म की 10 किवंटल से अधिक आम की खेती कर इस वर्ष आम बेच कर 40से 50हजार रूपए की कमाई किया है।

बीडीओ ने पंचायत के किसानों को इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।



### एक पौधा मां के नाम शिक्षकों के नेतृत्व में चला अभियान

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसातु के बच्चों ने शिक्षक बिनेश्वर कुमार महतो के नेतृत्व में वन-महोत्सव मनाते हुवे पौधारोपण किया। छात्र-छात्राओं ने एक पौधा अपने मां के नाम से 251 पौधों का रोपण किया। वहीं विद्यार्थियों ने एक पौधा मां के नाम, एक पौधा लगाएंगे मां का कर्ज चुकाएंगे, सांसें हो रही है कम आओ पेड़ लगायें हम, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ आदि नारे लगाते हुवे पूरे गांव का भ्रमण कर हेसातु गांव के बुढ़िया-माडैर (ग्राम देवता स्थल) में पौधारोपण किया। बताया गया कि इसी वर्ष लगभग दो एकड़ में चारदिवारी का निर्माण कल्याण विभाग की ओर से कराया गया है। शिक्षक श्री महतो ने आमलोगों से आग्रह करते हुवे कहा कि ऐसे पौधारोपण अभियान को आत्मसात कर अपने पूर्वजों के प्रति समर्पण व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के भाव से प्राकृतिक व धार्मिक धरोहरों का हम अभूतपूर्व सौंदर्य संवर्धन कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक की प्रेरणा से स्कूली बच्चे अति उत्साहित दिखाई दे रहे थे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**

थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर सौहार्द एवं समाजिक सदभाव को कायम रखने हेतु शनिवार को बी डी ओ प्रदीप कुमार दास एवं थाना प्रभारी विक्रम कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसमें दोनों समुदायों के दर्जनों लोगों ने भाग लिया।थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि शोशल मीडिया में वायरल होने वाले अफवाहों से हमे बचने की जरूरत है बिना सोचे समझे किसी भी पोस्ट को फारवर्ड नही करना है जिससे समाज में आपसी तनाव पैदा हो अन्यथा आप पर कानूनी करवाई की जायेगी।साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशा ड्रग्स या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें। जिससे किसी को दिक्कत हो। डी जे साउंड पर पूरी तरह प्रतिबन्ध रहेगा साउंड के जगह बैण्ड का उपयोग करने को लेकर निर्देशित किया।बी डी ओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि हर वर्ष की भांति ताजिया जुलूस शान्तिपूर्ण तरीके से निकाले व आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखें।ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी धर्म समुदाय के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़े। मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी विक्रम कुमार, रंजीत जायसवाल, बीस सूत्री उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद गुप्ता, ऐनुल अंसारी, तौहीद मियाँ, अब्दुल मियां, प्यारुल अंसारी, मो जनाब अंसारी, टैचुन नेता, निजामुद्दीन मिंया, जलाल मियाँ, बिहारी यादव, मतिम अंसारी समेत काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

**अधिकारियों से उच्च विद्यालय के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के पिंडारकोण स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के खेल मैदान को कुछ ग्रामीणों द्वारा शनिवार को हल चला कर अतिक्रमण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि खाता नंबर 37, प्लॉट नंबर 276, रकबा 5.80 एकड़ भूमि में विद्यालय स्थित है। विद्यालय की स्थापना 1963 में हुआ था। स्थापना काल से आज तक उक्त खेल मैदान का उपयोग खेलकूद करने में छात्र करते आ रहे हैं। यहां तक की वर्ष 2021-22 में मनरेगा योजना के तहत 4.10 लाख रुपए की लागत से शहीद पोटो हो को खेल मैदान के तहत समतलीकरण भी किया गया है। परंतु शनिवार को गडके गांव के जयराम यादव के पुत्र ब्रह्मदेव यादव, मानकी यादव एवं विनोद यादव सहित अज्ञात 12 ग्रामीणों द्वारा अचानक विद्यालय के खेल मैदान में हल चलाकर अतिक्रमण किया गया।

**सौहार्द**

### मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, डीसी ने कहा

# शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति के सदस्यों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। शांति समिति की बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। भड़काऊ भाषण, गीत, आपत्तिजनक तथ्यों को फैलाने एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसी चीजों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की गई। उपायुक्त ने लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर किन्ही को जानकारी मिलती है की सामाजिक समरसता बिगाड़ने या आपत्ति जनक पोस्ट/भड़काऊ पोस्ट किया जा रहा है तो इसकी जानकारी अविलंब जिला व पुलिस प्रशासन को दें और पूर्व की भांति आप सभी शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, चतरा, एसडीपीओ सिमरिया, टंडवा, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।



# बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन की हड़ताल समाप्त, प्रबंधन ने मानी सभी मांगे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

पिछले 25 जून से बॉक्साइट खनन क्षेत्र में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे। जिसकी समाप्ति की आधिकारिक घोषणा एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को कर दी गई है। हिंडाल्को कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांग पर अपनी सहमति जताई है। लगभग 18 दिनों के बाद अब ट्रकों के रुके पहिये को फिर से गति मिलेगी। शनिवार को सभी बन्द हुए माइंसो से ट्रकों का परिचालन शुरू हो गया। गुरदारी माइंस से प्रतिदिन 120 ट्रकों को ही बॉक्साइट लोड दिया जाएगा। एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन के संयुक्त आंदोलन में 6 राउंड कंपनी के साथ वार्ता के बाद शुक्रवार को कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांगों को मानते हुए संरक्षक धीरज साहू के साथ लिखित समझौता किया। मौके पर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हम सभी ट्रक मालिकों का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 18 दिनों तक अपने मांगों के समर्थन में चट्टानी एकता का परिचय देते हुए हिंडाल्को कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम किया। आज आपकी एकता का ही परिचय है कि आपकी सारी मांगे हिंडाल्को ने मान ली है।



